प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

एक दिवसीय 'विज्ञान संवाद एवं तकनीकी लेखन कार्यशाला' का आयोजन सम्पन्न

पंतनगर। 06 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आज अधिष्ठाता, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय द्वारा जैव प्रौद्योगिकी विभाग इंडिया एलाइन्स वैलकम ट्रस्ट के तत्वावधान में 'विज्ञान संवाद एवं तकनीकी लेखन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रबन्धक स्कोप, इंडिया एलाइन्स, सुश्री निकोल्टी जाधव ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। डा. आरती दत्ता द्वारा इथिक्स एन रिसर्च एवं संचार/संवाद विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए एक अन्य आमंत्रित वक्ता डा. राज्यश्री सान्याल द्वारा अनुदान प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्तावों को पोषक संस्था को प्रस्तुत किये जाने से पूर्व एवं प्रासांगिक जानकारियों पर पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों एवं युवा वैज्ञानिकों को जानकारियां प्रस्तुत की गयी। कार्यशाला के अंत में वरिष्ठ विशेषज्ञ सुश्री हीमाश्री भट्टाचार्या द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ग्रांट अवसरों एवं स्कोप इंडिया एलाइन्स द्वारा किये जा रहे विविध गतिविधियों की जानकारी के साथ फीडबैक एवं सार संक्षेप प्रस्तुत किया गया।

अधिष्ठाता द्वारा प्रतिभागियों को अपने सारगर्भित व्याख्यान में आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ कार्यशाला में बताये गये उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु तकनीकों का मिश्रण कर शोध एवं रोजगार में महती भूमिका बताया, साथ ही सरल भाषा में प्रशिक्षणार्थियों को समझाया तथा प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान किया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं में भाग लेने से ज्ञान के साथ–साथ इसका प्रसार सही मायने में तभी सिद्ध होगा जबकि प्रशिक्षित होकर सभी प्रशिक्षणार्थी अपने–अपने विशिष्ट क्षेत्रों में इन विधाओं का उपयोग कर अपनी उपलब्धियों को जनमानस के कल्याण हेतु प्राप्त ज्ञान का प्रसार करेंगे। इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला का संचालन डा. शिव कुमार दुबे; डा. गुरदीप बैन्स एवं डा. समीना महताब द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में 80 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मंचासीन अतिथिगण।